# प्री-बोर्ड परीक्षा2025

**GF/45,000**

## विषय-सामान्य हिन्दी

**कक्षा-12**

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **[ पूर्णांक : 100**

नोट- (1) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

**खण्ड 'क'**

1. नीचे दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए-

(क) "हंस" पत्रिका के सम्पादक हैं- 1

(i) गुलाबराय (ii) प्रेमचन्द्र

(iii) बालकृष्ण भट्ट (iv) द्विजेन्द्रनाथ राय

(ख) हिन्दी का प्रथम यात्रावृत है - 1

(i) पथ के साथी (ii) सरयू पार की यात्रा

(iii) परीक्षा गुरू (iv) कलम का सिपाही

(ग) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना हुई थी- 1

(i) दिल्ली में (ii) कलकत्ता में

(iii) मद्रास में (iv) वाणासी में

modelpaper.info

(घ) प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना हुई थी - 1

(i) सन् 1935 ई. में (ii) सन् 1936 ई. में

(iii) सन् 1938 ई. में (iv) सन् 1943 ई. में

(ङ) "राबर्ट नार्सिंग होम' किस शहर में स्थित था- 1

(i) कानपुर (ii) नई दिल्ली

(iii) नागपुर (iv) इन्दौर

2. नीचे दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए-

(क) प्रयोगवादी कवि हैं- 1

(i) नागार्जुन (ii) अज्ञेय

(iii) मुक्ति बोध (iv) त्रिलोचन शास्त्री

(ख) इनमें से हिन्दी का प्राचीनतम महाकाव्य कौन सा है- 1

(i) पृथ्वीराज रासो (ii) श्री रामचरित मानस

(iii) साकेत (iv) प्रिय प्रवास

(ग) किस कवि को ज्ञानपीठ पुरस्कार नही मिला - 1

(i) रामचरित उपाध्याय (ii) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(iii) महादयी वर्मा (iv) जयशंकर प्रसाद

(घ) "चाँद का मुँह टेढ़ा के रचयिता है - 1

(i) मुक्तिबोध (ii) अज्ञेय

(iii) भवानी प्रसाद मिश्र (iv) गिरिजा कुमार "माथुर"

modelpaper.info

(ङ) किस कवि को राष्ट्रकवि का सम्मान प्राप्त हुआ है - 1

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(iii) मैथिलीशरण गुप्त (iv) अज्ञेय

3. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×5=10

जो कुछ भी हम इस संसार में देखते हैं वह ऊर्जा का ही स्वरूप है। जैसा कि महर्षि अरविन्द ने कहा है कि हम भी ऊर्जा के ही अंश हैं। इसलिए जब हमने यह जान लिया है कि आत्मा और पदार्थ दोनों ही अस्तित्व का हिस्सा है, वे एक दूसरे से पूरा तादात्म्य रखे हुए हैं तो हमें यह एहसास भी होगा कि भौतिक पदार्थों की इच्छा रखना किसी भी दृष्टिकोण से शर्मनाक या गैर-आध्यात्मिक बात नहीं है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।

(ग) हम इस संसार में जो कुछ भी देखते हैं, यह किसका स्वरूप है।

(घ) लेखक के अनुसार महर्षि अरविन्द ने क्या कहा?

(ङ) लेखक के अनुसार शर्मनाक या गैर-आध्यात्मिक बात कौन सी नही हैं?

**अथवा**

संक्षेप में नए शब्द, नए मुहावरे एवं नई रीतियों के प्रयोगों से युक्त भाषा को व्यावहारिकता प्रदान करना ही भाषा में आधुनिकता लाना है। दूसरे शब्दों में केवल आधुनिक युगीन विचार धाराओं के अनुरूप नए शब्दों के गढ़ने मात्र से ही भाषा का विकास नहीं होता वरन् नए पारिभाषिक शब्दों को एवं नूतन शैली प्रणालियों को व्यवहार में लाना ही भाषा को आधुनिकता प्रदान करना है। क्योंकि व्यावहारिकता ही भाषा का प्राण तत्व है।

modelpaper.info

(क) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) भाषा को व्यावहारिक बनाकर हम उसमें क्या परिर्तन ला सकते हैं?

(घ) भाषा को आधुनिकता प्रदान करने हेतु क्या आवश्यक है?

(ङ) भाषा का प्राण-तत्व क्या है?

4. पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×5=10

सुख भोग खोजने आते सब, आए तुम करने सत्य खोज,
जग की मिट्टी के पुतले जन, तुम आत्मा के, मन के मनोज।
जडता, हिंसा, स्पर्धा में भर, चेतना, अहिंसा, नम्र ओज।
पशुता का पंकज बना दिया, तुमने मानवता का सरोज।

(क) पद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) मानव को मिट्टी का पुतला बताकर कवि ने क्या कहा है?

(घ) बापू ने मानवों में किन मानवीय गुणों को जागृत किया?

(ङ) यहाँ कीचड़ में उत्पन्न कमल को किस सन्दर्भ में प्रयुक्त किया गया है?

**अथवा**

सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दे फेंक, तजकर मोह, स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध है, तू शिशु अभी अज्ञान,
फूल काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान।

modelpaper.info

खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,

काट लेगा अंग तीखी है बड़ी यह धार।

(क) पद्यांश के पाठ और कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) दिनकर के अनुसार मानव को किससे सावधान किया जा रहा है?

(घ) मनुष्य को अज्ञान शिशु क्यों कहा गया है?

(ङ) किसकी धार बड़ी तीखी है?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाएँ लिखिए - (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+2=5

(i) डा० ए०पी० जे० अब्दुल कलाम

(ii) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी

(iii) हरिशंकर परसाई

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए- (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+2=5

(i) अयोध्यासिंह उपाध्याय

(ii) महादेवी वर्मा

(iii) रामधारी सिंह "दिनकर"

6. "लाटी" अथवा ध्रुवयात्रा कहानी के उद्देश्य को अपने शब्दों में लिखिए -

(शब्द सीमा 80 शब्द) 5

**अथवा**

modelpaper.info

बहादुर कहानी की कथावस्तु संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए -

7. स्वपठित खण्ड काव्य के आधार पर प्रमुख पात्र के चरित्र की विशेषताएं लिखिए। 5

**अथवा**,

स्वपठित खण्डकाव्य का सारांश संक्षेप में लिखिए।

**खण्ड 'ख'**

8. (क) नीचे दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 2+5=7

न वा अरे मैत्रेयिपत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति। आत्मनस्तु वै कामाय पतिः प्रियो भवति। न वा अरे, जायायाः कामाय जाया प्रिया भवति, आत्मनस्तु वै कामाय जाया प्रिया भवति। न वा अरे, पुत्रस्य वित्तस्य च कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति, आत्मनस्तु वै कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति। न वा अरे, सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति, आत्मनस्तु वै कामाय सर्व प्रियं भवति।

**अथवा**

महामना विद्वान वक्ता, धार्मिको नेता, पटुः पत्रकारश्चासीत्। परमस्य सर्वोच्चगुणः जनसेवैव आसीत्। यत्र कुत्रापि अयं जनान दुःखितान् पीड्य-मानांश्चापश्यत तत्रैव सः शीघ्रमेव उपस्थितः, सर्वविधं साहाय्यञ्च अकरोत्। प्राणिसेवा अस्य स्वभाव एवासीत्।

(ख) नीचे दिये गये संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 2+5=7

परोक्षे कार्य हन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।

वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम्॥

**अथवा**

जयन्ति ते महाभागाः जन सेवा-परायणाः।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए- 1+1=2

(क) सिर मुड़ाते ही ओले पड़ना

(ग) अपना सा मुंह लेकर रह जाना।

(ख) चोर की दाढ़ी में तिनका

(घ) जैसी करनी वैसी भरनी

10. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

आज स्त्रियों को हर प्रकार की उच्चतम् शिक्षा की सुविधा प्राप्त है। बाल-मनोविज्ञान, पाकशास्त्र, गृह-शिल्प, घरेलू चिकित्सा, शरीर-विज्ञान, गृह परिचर्या आदि के अतिरिक्त विभिन्न ललित कलाओं, संगीत, नृत्य, चित्रकला, छायांकन आदि में विशेष दक्षता प्राप्त करने के साथ-साथ वाणिज्य और विज्ञान के क्षेत्रों में भी वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। स्वयं स्त्रियों में भी अब सामाजिक चेतना जाग उठी है। प्रबुद्ध नारियों अपनी दुर्दशा के प्रति सचेत हैं और उसके सुधार में दत्तचित्त भी।

(क) वर्तमान समय में स्त्रियों की उच्चतम शिक्षा कौन-कौन विषय की है? 2

(ख) सामाजिक चेतना का भी उदय किसमें जागा हैं? 2

(ग) "सचेत" शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1

**अथवा**

करके विधिवाद न खेद करो, निज लक्ष्य निरन्तर भेद करो।

बनता बस उद्यम ही विधि है, मिलती जिससे सुख की निधि है।

समझो धिक् निष्क्रिय जीवन को।

नर हो न निराश करो मन को।।

modelpaper.info

(क) सुख की निधि प्राप्त करने का साधन क्या है? 2

(ख) कवि ने क्या करने और क्या न करने की सलाह दी है? 2

(ग) "निष्क्रिय" शब्द का विलोम लिखिए। 1

11. (क) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए-

(अ) पुरुष-परूष 1

(i) पूर्व-पश्चिम (ii) वीर और कायर

(iii) मनुष्य और कठोर (iv) कठोर और मनुष्य

(ब) आकर आकार

(i) आजान बाहु और विशाल (ii) खान और रूप

(iii) घना और विरल (iv) सम्पूर्ण और अपूर्ण

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए- 1+1-2

(i) अलि (ii) गति (iii) पतंग

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही शब्द का चयन करके लिखिए-

(अ) थोड़ी देर में नष्ट हो जाने वाला 1

(i) नाशवान (ii) क्षणभंगुर

(iii) नश्वर (iv) क्षणिक

(ब) जिसके बिना काम न चल सके- 1

(i) अनिवार्य (ii) आवश्यक

(iii) अपरिहार्य (iv) अति आवश्यक

modelpaper.info

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए- 1+1=2

(i) मेले में अनेकों दुकाने थीं।

(ii) पेंड में फल लगा है।

(iii) वह कल सवेरे प्रातः आएगा।

(iv) सीता गुणवान स्त्री है।

12. (क) 'करुण' रस अथवा हास्य रस का स्थायी भाव के साथ उदाहरण अथवा परिभाषा लिखिए। 2

(ख) अनुप्रास अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की परिभाषा देते हुए एक उदाहरण लिखिए। 2

(ग) रोला अथवा 'सोरठा' छन्द का लक्षण और एक उदाहरण लिखिए। 2

13. कुटीर उद्योग प्रारम्भ करने के लिए किसी बैंक के प्रबन्धक के नाम ऋण प्राप्ति हेतु एक पत्र लिखिए। 2+4=6

**अथवा,**

अपने निकटस्थ इण्टर कॉलेज में लिपिक पद पर नियुक्ति हेतु विद्यालय के प्रबन्धक को एक आवेदन पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए - 2+7=9

(क) बेरोजगारी की समस्या

(ख) पर्यावरण संरक्षण

(ग) मेरा प्रिय कवि

(घ) सन् 2047 में हमारा देश भारत

modelpaper.info